आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून उत्तराखण्ड)
शनिवार 19.07.2025
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा – विकसित उत्तराखंड के बगैर विकसित भारत का निर्माण संभव नहीं।
- रुद्रपुर में आयोजित उत्तराखंड निवेश उत्सव में श्री शाह ने कहा – आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक उपचार और जैविक खेती आने वाले दिनों में उत्तराखंड के विकास का आधार बनेंगे।
- हरिद्वार में श्रावण मास का कांवड़ मेला अपने अंतिम चरण में। बड़ी संख्या में कांवड़िए गंगाजल भरकर अपने गंतव्यों की ओर रवाना हो रहे हैं।
- चम्पावत जिले में लोहावती नदी के संवर्धन और संरक्षण लिए सीवर ट्रीटमेंट प्लांट जल्द शुरू होगा।

**निवे�ा उत्सव/गृह मंत्री**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि विकसित उत्तराखंड के बगैर विकसित भारत का निर्माण संभव नहीं है। श्री शाह आज ऊधमसिंह नगर जिले के रुद्रपुर में आयोजित उत्तराखंड निवेश उत्सव में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जब तक छोटे राज्य आगे नहीं बढ़ सकते तब तक देश का समग्र विकास नहीं हो सकता है, इसलिए केंद्र सरकार ने छोटे राज्यों और पूर्वी राज्यों के विकास में विशेष ध्यान दिया है।
श्री शाह ने कहा कि आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक उपचार और जैविक खेती आने वाले दिनों में उत्तराखंड के विकास का आधार बनने वाले हैं। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में राज्य की परंपरा, वातावरण और लोगों की श्रद्धा जुड़ी है। इन क्षेत्रों में कई गुना अधिक निवेश और पर्यटकों के आकर्षित होने की अपार संभावना है।
केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने औद्योगिक विकास और पर्यावरण के बीच में संतुलन स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि श्री धामी ने नीतियों में पारदर्शिता, क्रियान्वयन में तेजी और दृष्टि में दूरदर्शिता के साथ ही उत्तराखंड के समग्र विकास का खांचा खींचा है।
वहीं, इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री ने एक हजार 342 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया।

**निवे�ा उत्सव/मुख्यमंत्री**

इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आज का उत्सव प्रदेश की विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण अध्याय के रूप में अंकित हो रहा है। उन्होंने कहा कि आज ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की तीसरी ग्राउंड सेरेमनी आयोजित हो रही है। निवेश का आंकड़ा एक लाख करोड़ रुपये को पार कर गया है। यह केवल आर्थिक निवेश नहीं, बल्कि प्रदेश की समृद्ध संभावनाओं और जनभागीदारी पर आधारित समेकित विकास का प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा कि यह गर्व की बात है कि 2023 में हुए ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के तहत साढ़े तीन लाख करोड़ रुपए से अधिक के निवेश समझौते हुए थे। इनमें से एक लाख करोड़ रुपए से अधिक के निवेश को धरातल पर उतारने की सरकार को सफलता मिली है।

## विधिक जागरुकता शिविर

नेल्सन मंडेला अंतर्राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर पौड़ी जिला कारागार में विधिक जागरुकता व साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पौड़ी के सचिव, नाज़िश कलीम ने बंदियों को नेल्सन मंडेला के संघर्षमय जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश दिया गया। साथ ही उन्हें संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों और न्यायिक सहायता के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गयी। बंदियों को उनके विधिक अधिकारों की जानकारी देने के साथ ही यह भी बताया गया कि किस प्रकार वे निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर बंदियों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें कारागार में निरुद्ध बंदियों की स्वास्थ्य जांच की गयी।

उधर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रुद्रप्रयाग की ओर से जिला कारागार चमोली में भी निरुद्ध बंदियो के लिए 'विधिक साक्षरता जागरूकता शिविर' का आयोजन किया गया। साथ ही हरेला पर्व माह के उपलक्ष्य में जिला कारागार चमोली में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## कांवड़ मेला

हरिद्वार में श्रावण मास का कांवड़ मेला अब अपने अंतिम चरण में पहुंच गया है। बड़ी संख्या में कांवड़िए गंगाजल भरकर अपने–अपने गंतव्यों की ओर रवाना हो रहे हैं। साथ ही डाक कांवड़ियों के आने का सिलसिला भी लगातार जारी है। बीते 24 घंटों में हजारों डाक कांवड़िए वाहनों में साउंड सिस्टम के साथ हरिद्वार पहुंचे। कांवड़ियों के वाहनों से बैरागी कैंप की अस्थायी पार्किंग फुल हो चुकी है। डाक कांवड़ियों की भारी आमद को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है।

डाक कांवड़ वह परंपरा है, जिसमें श्रद्धालु गंगाजल भरते ही बिना रुके सीधे अपने शिवालय तक दौड़ते हैं। कोई पैदल दौड़ लगाता है, तो कोई वाहनों से गंगाजल लेकर जाते हैं। जहां, बाइक और बड़े वाहनों पर डाक कांवड़िए उमड़ रहे हैं, वहीं पैदल जल भरने वाले श्रद्धालु भी अब अपनी रफ्तार तेज कर चुके हैं। हरिद्वार में इन दिनों डीजे पर गूंजते भक्ति गीत और कांवड़ियों की टोली भक्ति के साथ ऊर्जा का संगम बनकर निकल रही है। वहीं, प्रशासन ने कांवड़ियों से अपील की है कि धार्मिक आस्था के साथ ही अनुशासन का भी ध्यान रखें। उधर, जिस तरह से कांवड़ियों का आगमन हो रहा है, उसको देखते हुए आगामी दिनों में कांवड़ियों के भारी तादाद में तीर्थनगरी पहुंचने की संभावना है। इस बार कांवड़ियों की संख्या छह करोड़ से ऊपर पहुंचने का अनुमान लगाया जा रहा है।

## एसटीपी प्लांट

चम्पावत जिले के लोहाघाट स्थित लोहावती नदी के संवर्धन और संरक्षण लिए सीवर ट्रीटमेंट प्लांट जल्द शुरू होगा। इस संबंध में उप जिलाधिकारी नितेश डांगर की अध्यक्षता में संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक में लोहावती नदी को स्वच्छ बनाने की योजना पर चर्चा की गई। उप जिलाधिकारी ने बताया कि लम्बे समय से लोहावती नदी के दूषित होने और इसके संवर्धन को लेकर लोगों द्वारा शिकायतें की गई थी। उन्होंने बताया कि लोहावती नदी और बाड़ी गाड़ में गिर रहे सभी गंदे पानी के नालों को टैप कर सीवर ट्रीटमेंट प्लांट देवराड़ी बैंड के पास बनाया जाएगा।

## नंदा देवी राजजात

चमोली के जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने आज नंदा देवी राजजात यात्रा की तैयारियों के तहत नौटी गांव का भ्रमण किया। उन्होंने स्थानीय ग्रामीणों से मुलाकात की और नंदा देवी राजजात से जुड़ी परंपराओं, मान्यताओं और तैयारियों की जानकारी ली। ग्रामीणों ने यात्रा के ऐतिहासिक महत्व और स्थानीय सहयोग को लेकर कई महत्वपूर्ण बातें साझा कीं। जिलाधिकारी ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि यात्रा को सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह से तैयार है।

## हरेला वृक्षारोपण

रुद्रप्रयाग जिले में लोकपर्व हरेला धूमधाम से मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में जलागम प्रबंधन की ओर से एक पेड़ माँ के नाम और गो ग्रीन थीम के तहत विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जखोली विकासखंड के लाटा बाबा इंटरमीडिएट कॉलेज, शीशों–माण्डा में आयोजित हुआ। इसमें विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ ही विद्यालय के शिक्षक और छात्र–छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी की सहभागिता से 110 फलदार और चारापत्ती के पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर जलागम प्रबंधन के उप निदेशक आर.पी सिंह ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना और मातृत्व को सम्मान देना है।